**बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड,**
**महेश भवन पूर्वी गाँधी मैदान, पटना–4**

## कोटेशन आमंत्रण सूचना

पत्रांक –198 पटना, दिनांक –27-07-2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना के 07 तल (प्रथम तल, द्वितीय तल, तृतीय तल, चतुर्थ तल, पंचम तल, षष्टम तल एवं सप्तम तल) तथा खादी मॉल, पटना 03 तल (ग्राउण्ड, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल) में अग्निशामक उपकरणों का सुचारू रूप से संचालन हेतु निम्नलिखित कार्य कराया जाना है :–

1. बोर्ड मुख्यालय एवं खादी मॉल, पटना में निष्क्रिय अवस्था में होज रील, वेट राईजर, डान कॉमर सिस्टम, यार्ड हाईड्रेंट एवं फायर अलार्म सिस्टम को सक्रिय कराना।
2. बोर्ड मुख्यालय एवं खादी मॉल, पटना में अग्नि संबंधित सुरक्षा बनाये रखने हेतु Evacuation Plan एवं RFP Plan बनाया जाय तथा Evacuation Plan को बोर्ड मुख्यालय तथा खादी मॉल के प्रत्येक तल पर प्रदर्शित करना।
3. बोर्ड मुख्यालय एवं खादी मॉल, पटना में अधिष्ठापित अग्निशामक यंत्रों को सक्रिय रखने की पूर्ण जिम्मेवारी फर्म की होगी।
4. बोर्ड मुख्यालय के प्रथम तल से सप्तम तल एवं खादी मॉल के ग्राउण्ड तल से तृतीय तल तक के अग्निशामक यंत्र के सिलिन्डर में गैस रिफलिंग एवं अन्य कार्य करना सुनिश्चित करेंगे।
5. उपर अंकित सभी कार्य यथाशीघ्र करने की संपूर्ण जिम्मेवारी तथा संपूर्ण कार्य करने के उपरान्त अग्निशामक कार्यालय से NOC ससमय उपलब्ध कराने की जवाबदेही संबंधित फर्म की होगी।

अतः उपरोक्त कार्य करने हेतु इच्छुक फर्म अपना कोटेशन दर विवरणी जी0एस0टी0 सहित अपने लेटर पैड पर बंद लिफाफे में दिनांक–05.08.2026 को अपराहन् 3.00 बजे तक बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना में जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र की प्रति के साथ जमा करेंगे तथा उसी दिन अपराहन् 4.00 बजे बोर्ड के आन्तरिक क्रय समिति के समक्ष कोटेशन खोला जायेगा। प्राप्त कोटेशन में जिस फर्म का दर सबसे न्यूनतम होगा, उसी फर्म से ऊपर अंकित कार्य का संपादन कराया जायेगा।

अद्योहस्ताक्षरी को कोटेशन रद्द/कार्य में परिवर्त्तन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

ह० 27/07/2026

सहायक लेखा पदाधिकारी
बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड,
पटना